देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 07 सितम्बर, 2022। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक प्रारंभ होने से पहले माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र द्वारा तैयार की गई न्यूट्रीशियन पर आधारित पुस्तकों का विमोचन किया गया इसके पश्चात बैठक में वित्त समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं पर चर्चा की गई, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में इंटरनेट नेटवर्क हेतु 2 कम्प्यूटर सर्वर क्रय करने हेतु कार्यपरिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। सोशल साईंस अध्ययनशाला हेतु नवीन भवन के निर्माण के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों हेतु नवीन रहवासी भवनों के निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई साथ ही अर्थशास्त्र अध्यनशाला में कक्षाओं के निर्माण एवं विस्तार के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

कार्यपरिषद् सदस्य श्री विश्वास व्यास जी ने यू.टी.डी. में बी.बी.ए., बी.सी.ए. एवं बी.ए. पाठ्यक्रमों की सीट्स बढ़ाने का प्रस्ताव दिया और इस हेतु 60 कक्षाओं सहित एक भवन के निर्माण का सुझाव दिया गया जिसे कार्यपरिषद ने मान्य किया। कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. मंगल मिश्र, श्री अनंत पंवार, डॉ. सुनीता जोशी, श्रीमती मोनिका गौड, डॉ. जगदीश चौहान एवं श्री ओम शर्मा जी द्वारा विश्वविद्यालय के तक्षशिला, खंडवा रोड परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापित करने एवं इसका अनावरण उनके जन्मदिन 25 दिसम्बर पर करने का प्रस्ताव रखा जिसे सम्पूर्ण कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

''स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान'' विषय पर एक प्रर्दशनी एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन हेतु प्रस्तुत बजट को कार्यपरिषद ने मान्य किया। एम.सी.ए. प्रोग्राम (ओ.डी.एल. मोड) की पाठ्यक्रम परियोजना रिपोर्ट का कार्यपरिषद् ने अनुसमर्थन किया। सत्र 2022–23 एवं 2023–24 हेतु विश्वविद्यालय प्रॉक्टर के रूप में आईआईपीएस के निदेशक डॉ. बी.के. त्रिपाठी की नियुक्ति के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

राज्य शासन के कर्मचारियों के समान विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में दिनांक 01/08/2022 से 03 प्रतिशत की दर से वृद्धित महॅगाई भत्ते के भुगतान के अनुमोदन को कार्यपरिषद् ने स्वीकृत किया। विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन से संबंधित तैयार किये गये सांस्कृतिक कैलेन्डर को भी कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्य विवरण को कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की साथ ही आयुष एवं एलोपेथिक चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना से संबंधित आगामी कार्यवाही हेतु एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति का निर्णय बैठक में लिया गया।

बैठक के अंत में श्री अटल बिहारी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में कार्यरत प्रो. राजेश वर्मा जी की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली में संयुक्त सचिव के पद पर की गई नियुक्ति पर, उन्हे शाल एवं श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया एवं प्रो. ज्ञान प्रकाश जी का कार्यपरिषद् सदस्य के रूप में कार्यकाल समाप्त होने पर शाल श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी